भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को आपत्ति ना हो, लेकिन मुझे है, क्योंकि उनका महिला विरोधी कथन भारतीय जनता पार्टी की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। डबल इंजन की सरकार महिलाओं के नाम पर डबल फेलुअर की सरकार साबित हुई है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक टकराहट हो सकती है लेकिन महिलाओं के प्रति ऐसा लांछन न लगाये।

बीजेपी की स्थिति इस समय किंकर्तव्यविमूढ़ की होती जा रही है। बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व निर्णय नहीं कर पा रहा है कि वह मध्य प्रदेश में क्या कुछ ऐसा करें कि जिससे प्रदेश में बीजेपी की सरकार बहुमत के साथ बन जाए। इसलिए वह अनेक प्रकार के प्रयोग करने के लिए बाध्य हो रही है । बड़े-बड़े नेताओं, केंद्र के मंत्रीगण, संगठन के बड़े पदाधिकारी और सांसदों को बीजेपी विधान सभा के टिकट दे रही है। या कहें दे चुकी है । उनमें से कुछ ऐसे हैं या लगभग सभी ऐसे हैं, जो केंद्र के इस फैसले से मन ही मन दुखी हैं । कहीं-कहीं पर तो यह दुख उनकी जुबान से सामने भी आ चुका है। बहरहाल यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में 78 सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशियों को सामने ला चुकी है, इसमें यदि कहा जाए तो एक और प्रत्याशी भी जुड़ चुकी है। लेकिन उसके बावजूद अभी बहुत सी सीटों पर निर्णय होना बाकी है और लोगों के चेहरे सामने आना अभी बाकी है। इधर यदि हम देखें तो कांग्रेस मात्रा और मात्र यह इंतजार कर रही है की भाजपा पहले अपनी सीटों की घोषणा कर दे, उसके पश्चात ही उनके प्रत्याशियों को देखते हुए हम अपने प्रत्याशियों के नाम तय करेंगे। लेकिन होना वह है जो जनता चाहती है ।आज के दौर में जनता के मत को, जनता के मन को समझना बड़ा कठिन हो गया है। ऐसा नहीं है कि जनता वह करने लग जाएगी जिससे उसे अपना वोट बीजेपी को ही देना पड़े, यह संभावना भी हो सकती है कि बीजेपी की पिछली बार के चुनाव की स्थिति को देखते हुए हो सकता है कि बीजेपी के मतदाता फिर से कांग्रेस पार्टी को वोट देकर जताए और कांग्रेस पार्टी को किसी प्रकार का आश्चर्य दे कर सत्ता पर काबिज कर दे । अब देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि जो कुछ हम देखे जा रहे हैं, उससे तो ऐसा कहीं से भी प्रतीत नहीं होता कि सत्ता की दौड़ में कांग्रेस सफल हो सकेगी । यह पूरी तरह सही तो नहीं कहा जा सकता परंतु संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है । जो संभावनाएं बनेगी या जैसी भी परिस्थितियों निर्मित होगी वह सामने आएंगी ।

राजीव खंडेलवाल

तीन महीने पहले ही मै अपने लेख में लिख चुका हूं कि ''गुजरात माडल'' मध्य प्रदेश में दोहराया जायेगा। यद्यपि भाजपा हाईकमान चुनाव की घोषणा होने पर स्वप्रेरणा व स्वविवेक से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सहित कुछ प्रमुख मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों से यह घोषणा करवायेगें कि वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, संगठन का काम करेंगे, तभी पार्टी को सफलता की उम्मीद हो सकती है। क्योंकि पार्टी अब जनता के समक्ष ''नेता बदलने के लिए पार्टी बदलने की जरूरत नहीं है,'' की नीति पर आगे बढकर जनता को दूसरे भाजपाई नेताओं का विकल्प देने का प्रयास कर रही है। पार्टी ने अपनी चाल चल दी है और शतरंज की बिछायत पर पार्टी द्वारा फेंके गये इन मोहरों में कौन ''किंग'' बनकर अंततः उभरेगा, निकलेगा, यह देखना दिलचस्प होगा। यह बात सही है कि पार्टी ने ''ब्रह्मास्त्र'' हथियार निकालकर उसका उपयोग कर लिया है। अब इस ब्रह्मास्त्र के उपयोग/प्रयोग की सफलता पर टिप्पणी तो समय ही कर सकेगा। जनता तो अब राजनीति के खेल के मैदान के चारों तरफबैठकर वोट देने की बारी आने की प्रतिक्षा भर कर रही है। मन शायद बना चुकी है। अंत में भाजपा की चार तोपों को चुनावी मैदान में उतारने की कार्य योजना में सिर्फबुंदेलखंड या लोधी समाज तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मध्यप्रदेश की हिंदुत्व की सबसे बड़ी चेहरा पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमाश्री भारती जिन्होंने वर्ष 2003 में दिग्विजय सिंह की ''बंटाधार सरकार'' को सफलतापूर्वक हटाया था, को चुनावी मैदान में न उतार कर कहीं एक बड़ी गलती तो नहीं कर दी है? महिला आरक्षण व महिला सशक्तिकरण पर जोर-शोर से कार्य करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति के बावजूद उनके पुरानी मंत्रिमंडल सहयोगी को चुनाव दंगल में न उतारना भी भाजपा के आश्चर्यचकित करने वाला निर्णयों की श्रृंखला का ही भाग हो सकता है। भाजपा नेतृत्व आगे इस गलती को क्या सुधारेगा? यह देखना बड़ा दिलचस्प होगा। क्योंकि एक छोटी सी गलती भी पूरी कार्य योजना को असफल कर सकती है। फिर यह तो एक बड़ी गलती है।

मध्यप्रदेश की 'राजनैतिक पिच' पर भाजपा का दुक्का, तिक्का, छक्का नहीं सत्ते!

चुनाव नजदीक आते-आते मध्यप्रदेश की राजनीति में दिन प्रतिदिन नये-नये नाटकीय और अचंभित करने वाली घटनाएं मोड़ लेते जा रही हैं। मध्यप्रदेश में भाजपा व कांग्रेस के बीच चुनावी मैदान पूर्णतः क्रिकेट के उस मैदान में परिवर्तित हो चुका है, जहां दोनों पार्टियों द्वारा ''बैटिंग और बॉलिंग'' के द्वारा परस्पर एक दूसरे पर हावी होने का प्रयास किया जा रहा है। क्रिकेट में टीम जब भी संकट में होती है, समय कम होता है, तब ''लक्ष्य'' की प्राप्ति के लिए चैके, छक्के मारना बल्लेबाजों की ''मजबूरी'' हो जाती है। यदि बल्ला चल जाता है, तो वह मैच जीत जाता है। विपरीत इसके चौके, छक्के मारने में यदि खिलाड़ी आउट हो जाते हैं, तो टीम हार जाती है। मध्यप्रदेश में दोनों पार्टियों की स्थिति कुछ इसी तरह की है। फिलहाल भाजपा ''बैटिंग पिच'' पर है और सत्ता विरोधी कारक की बॉलिंग जिसमें ''समस्त तीर गुगली'' सहित शामिल है, से निपटने के लिए भाजपा के चैके (जन आशीर्वाद यात्राएं) तथा छक्के (प्रधानमंत्री मोदी की प्रदेश के लगातार दौरे) के बावजूद भाजपा को जीत के लिए सत्ता (सात) लगाना पड़ गया है। भाजपा की परिस्थितिवश यह मजबूरी भी होकर विपक्ष से लेकर मीडिया तक ने भाजपा की इस मजबूरी को उसकी ''कमजोर पहचान'' तक बता दिया है, जिससे सफलतापूर्वक निपटकर भाजपा के लिए एक चुनौती है। जबकि भाजपा के बाबत यह बात प्रसिद्ध है कि वह हमेशा से चुनौती को गंभीरतापूर्वक स्वीकार कर सफलता की ओर जाती है। कांग्रेस की स्थिति इसके ''उलट'' होती है।

शिवराज सिंह की विभिन्न लोक लुभावनी योजना की चुनावी वर्ष में लगातार घोषणाएं होने के बावजूद शिवराज सिंह के चेहरे की सत्ता विरोधी कारक (एंटी इनकबेंसी) की रिपोर्ट आने से हाईकमान को स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। वैसे इसे ''सत्ता विरोधी लहर'' की बजाए शिवराज सिंह ''थका हुआ चेहरा'' (थकान, फटीक) लिये हुए है वहीं जनता भी उक्त चेहरे को लगातार देख कर थक चुकी है। जिस प्रकार क्रिकेट में टीम पर देश की इज्जत लगी होती है, इसी प्रकार देश में मोदी के वर्ष 2024 के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर को सुगमित व सुनिश्चित करने के लिए इस ''सेमीफायनल'' को जीतने का भार मध्यप्रदेश भाजपा जो भाजपा की ''प्रयोगशाला'' रही है, (मॉडल स्टेट) के मजबूत कंधों पर है। इसी कड़ी में एक-एक सीट का महत्व समझते हुए लोकसभा के सात सांसदों जिसमें से चार महत्वपूर्ण कद्दावर नेता, तीन केन्द्रीय मंत्री और एक राष्ट्रीय महासचिव को विधानसभा चुनाव में उतार कर हाईकमान ने छक्का नहीं ''सत्ता (सात)'' मारा है। ''सत्ता के खेल'' में ''छक्के की बजाए सात'' मारना पार्टी की नई ईजाद होकर मजबूरी (शायद) सी बन गई है। यह नया प्रयोग पार्टी को सफलता के निकट पहुंचा देगा, ऐसी उम्मीद पार्टी कर रही है और करनी भी चाहिए। क्योंकि पहली बार भाजपा ने क्षेत्रवार क्षत्रप नेताओं को उभारने का गंभीर प्रयास कर जीत के ''हवन कुंड में उनकी आहुति से हवन की ज्वाला को जलाये रखने'' का प्रयास किया है।

ग्वालियर व चंबल क्षेत्र से नरेन्द्र सिंह तोमर, महाकौशल में प्रहलाद सिंह पटेल, मालवा क्षेत्र से कैलाश विजयवर्गीय, और ''आदिवासी वोट बैंक'' को साधने के लिए फग्गन सिंह कुलस्ते, इन चारों क्षत्रपों को हाईकमान ने बिना कहे यह संदेश देने का प्रयास किया है कि आप न केवल स्वयं की सीट जीतें, बल्कि अपने-अपने प्रभाव के क्षेत्रों में अधिकतम सीटें लाकर मुख्यमंत्री की कुर्सी के दावेदारों में स्वयं को शामिल कर ले। कांग्रेस में क्षत्रपों की यह राजनीति पुरानी है। कांग्रेस में नेतृत्व चाहे किसी का भी हो, विभिन्न क्षत्रपों को उनके प्रभाव क्षेत्र में टिकट देने की अलिखित परिपाटी, चली आ रही है। परन्तु भाजपा में टिकट का वैसा अधिकार क्षत्रपों को नहीं दिया गया है। हां पहली बार, मुख्यमंत्री का दावा करने का अप्रत्यक्ष अधिकार ज्यादा सीटें जीत कर लाने पर देने का संकेत अवश्य दिया गया है। वैसे यह कहना शायद गलत नहीं होगा कि कांग्रेस द्वारा हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में (राष्ट्रीय अध्यक्ष के वहां से होने के बावजूद) स्थानीय क्षत्रपों को महत्व (विपरीत इसके भाजपा ने उतना महत्व नहीं दिया) और चुनाव लड़ाने की सफल नीति को भाजपा ने मध्य प्रदेश में उतारने का निर्णय लिया और शायद यह निर्णय राजस्थान में भी दोहराया जाए।

देश के किसी राज्य व प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के इतिहास में शायद यह पहली बार हुआ है, जब तीन केंद्रीय मंत्री और विश्व की सबसे बडी पार्टी के केंद्रीय महामंत्री को एक साथ चुनावी दंगल में उतारा गया है। इससे इस बात का आकलन किया जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की जोडी मध्य प्रदेश को जीतने के बारे में कितनी चिंतित, सतर्क और सक्रिय रूप से निरंतर लगी है। इन प्रभावशाली मुख्यमंत्री के दावेदारों, परिणाम देने वाले सिद्ध क्षत्रपों को चुनाव में उतार कर, साथ ही इनकी टिकट की घोषणा के कुछ समय पूर्व संपन्न हुई ''महारैली'' में प्रधानमंत्री द्वारा शिवराज सिंह का एक बार भी नाम न लेना, जबकि अन्य दिवंगत नेताओं के नामों का उल्लेख करना, महिला सशक्तिकरण की बात करते हुए भी शिवराज सिंह की महिलाओं के सशक्तिकरण करने की विभिन्न योजनाएं खासकर ''लाडली बहना योजना'' का उल्लेख न करना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि शिवराज सिंह की ''पारी'' रिटायर्ड हर्ट हुए बिना उन्हें रिटायर कर दिया जाएगा। वैसे हाईकमान ने एक अन्य प्रमुख ग्वालियर चंबल क्षेत्र के ''आयातित'' क्षत्रप केंद्रीय मंत्री महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया को चारों क्षत्रपों के साथ विधानसभा चुनाव में न उतारकर तीन तरह के संदेश दिए हैं। प्रथमः एक क्षेत्र में एक ही क्षत्रप का नेतृत्व होगा। अर्थात ग्वालियर चंबल संभाग में नरेंद्र सिंह तोमर अकेले (सिंधिया के साथ नहीं) नेता बने रहेंगे। दूसरा संदेश कम, सोच ज्यादा यह रही है कि सिंधिया को चुनावी पिच पर उतारने पर अंतर्कलह व नेतृत्व के मुद्दे पर खींचतान बढ़ जाने से फायदा कम नुकसान ज्यादा होगा। तीसरा महत्वपूर्ण संदेश यह भी हो सकता है कि महाराजा को पार्टी (जनसंघ-संघ-भाजपा) की नियमावली अनुसार उन्हें उनकी उस सीमा के भीतर ही रखा जावे, ताकि वह भविष्य के एक व्यावहारिक भाजपाई रंग में पूर्णतः ढलकर पार्टी के लिए उपयोगी नेता बन सके। यद्यपि उनकी परवरिश तो राजमाता सिंधिया के कारण जनसंघ की ही रही है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1687 - औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्जा किया। 1947 - पाकिस्तान और यमन संयुक्त राष्ट्रसंघ में शामिल हुए। 1984 - उत्तरी एवं दक्षिणी कोरिया के बीच 1945 के बाद पहली बार सीमाएँ खोली गईं। 1993 - भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकम्प के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए। 2001 - इस्रायल की आतंरिक मंत्रिपरिषद ने फ़िलिस्तीन के साथ हुए समझौते को मंजूरी दी। 2001 - कांग्रेस के वरिष्ठ नेता माधव राव सिंधिया का निधन। 2002 - पाकिस्तान में कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की। 2003 - विश्वनाथन आनंद ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती। 2004 - चीनी दार्शनिक कन्फ़्यूशियस की 2555वीं जयंती मनाई गयी।

QUIZ TIME

1) हाल ही में मल्टीप्लेक्स एसोसिएशन ऑफइंडिया ने कब नेशनल सिनेमा डे मनाने की घोषणा ?

2) हाल ही में 19वीं एशियाई खेल 2023 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने किसको हराकर गोल्ड मेडल जीता?

3) भारत कौन से गोलार्द्ध में स्थित है?

4) कौन-सा विदेशी यात्री दिल्ली का काजी नियुक्त हुआ था?

5) अभिनेत्री डायने क्रूगर को ज्यूरिख फिल्म फेस्टिवल में किस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 13 अक्टूबर (2) श्रीलंका (3) उत्तरी व पूर्वी गोलार्द्ध में (4) इब्नबतूता (5) नाइट अवार्ड

आज का पंचांग

सूर्योदयः06:22, सूर्यास्तः 06:14, चन्द्रोदयः18:12, अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास आश्विन, पक्ष कृष्ण, तिथि प्रतिपदा, नक्षत्र रेवती, योग वृद्धि (20:03 से ध्रुव), प्रथम करण बव (15:26 तक), द्वितीय करण बालव (01:51 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य -कन्या, चंद्र-मीन, मंगल-कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध-सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु -मेष, केतु-तुला।

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणःआज जन्मे शिशुओ का नाम रेवती नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दे, दो, चा, ची) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-दिनचार्य संघर्ष वाली रहेगी। मन किस अरिष्ट की आशंका से व्याकुल रहेगा हानि की सम्भवना के कारण बड़ा कार्य करने से डरेंगे।

वृष- वैसे तो आपके लिये लाभ ही देगा लेकिन आज आपके द्वारा कोई ऐसा काम हो सकता है जिसका पछतावा लंबे समय तक रहेगा।

मिथुन-आज का दिन अनुकूल बना हुआ है जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे अन्य लोगो की तुलना में शीघ्र सफलता मिल सकती है।

कर्क-आज का दिन धैर्य से बिताने में ही भलाई है। मेहनत करने पर तुरंत लाभ की आशा ना रखें आज किया परिश्रम का फल संध्या बाद से दिखने लगेगा।

सिंह-कार्य में आ रही बाधा के कारण अशान्त रहेगा। शारीरिक सामर्थ्य भी आज कम ही रहेगा।

कन्या-आज भी दिन आपके पक्ष में रहेगा लेकिन आज आपके अंदर समझ की कमी भी रहेगी सही की जगह गलत बातो का समर्थन करना घर अथवा बाहर वैचारिक मतभेद बनाएगा।

तुला- कभी लाभ होता नजर आएगा अगले पल निराश होने पड़ेगा। मनमाना व्यवहार करेंगे इससे आप तो निश्चिन्त रहेंगे।

वृश्चिक-आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेंगे। व्यवहार में सुधार करेंगे मीठा बोलकर अपना स्वार्थ सिद्ध कर लेंगे।

धनु-कलह होने की संभावना है आज स्वभाव में नरमी रखना अत्यंत आवश्यक है। आप जल्दी से किसी विवाद में नही पड़ेंगे लेकिन वातावरण ही ऐसा बनेगा।

मकर-आज का दिन आपको कोई नई खुशी देकर जाएगा। धन लाभ उम्मीद ना होने पर भी अकस्मात होगा। कार्यो के प्रति गंभीर रहेंगे।

कुंभ-आज के दिन सुख शांति में वृद्धि होगी लेकिन शरीर मे कोई नया विकार भी बनेगा। आज आप की कार्य गति थोड़ी धीमी रहेगी।

मीन-दिन थोड़ा उठापटक वाला रहेगा। दो कार्यो में भटकने के कारण मनचाही सफलता नही मिल पाएगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -201

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 200 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द		स	पू	त
ल		ब	ल	वा	न			द
म	ह	क		खा	म	खां		बी
ग्न		त	ल	ना		स	फ	र
	म	रा				ना	टा	
	हि		स				फ	न
	ला	ज	वा	ब		म	ट	र
मां		ग		सं	त	ति		भ
	मा	त	ह	त			प	क्षी

पदमनाभपुर क्रिकेट ग्राउंड की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन?

नलिन रंजन पांडे

दुर्ग/नवप्रदेश। पद्मनाभपुर स्थित एकमात्र खेल मैदान जिसे मिनी स्टेडियम कहते हैं, खेल के बजाए अन्य गतिविधियों में बेजा इस्तेमाल हो रहा है।पद्मनाभपुर क्रिकेट ग्राउंड (पीसीसी) में पांच साल के बच्चे से लेकर बड़े उम्र के लोग भी क्रिकेट, फुटबॉल हॉकी, कराटे और तरह-तरह के खेल खेलते हैं। इस पूरे इलाके में यही एक छोटा सा मैदान है। जहां बच्चे खेलते है। दुर्ग के हृदय स्थल में अवस्थित होने से इसकी उपादेयता और भी बढ़ जाती है। खेल के क्षेत्र में बहुआयामी इस्तेमाल करने यह उपयुक्त स्थल है। पहले यह स्थान जब महज खाली मैदान था, तब भी यहां क्रिकेट के बड़े आयोजन किए जाते थे। उस समय से यह मैदान पीसीसी के नाम से पहचाने जाने लगा था।

किंतु जब से इस मैदान पर स्टेडियम का निर्माण किया गया है, तब से खेल के बजाए अन्य गतिविधियों में इसका दुरुपयोग होने लगा है। सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक आयोजनों के लिए यह मैदान रसूखदार लोगो की पहली पसंद बन गया है। दुर्ग विधायक अरुण वोरा, शहर के मेयर या अन्य कई लोग नगर निगम के साथ मिलकर यहां कोई न कोई समारोह आयोजित करने उसे किराए पर उठाते रहते हैं। अपना वोट बैंक मजबूत करने के लिए या अन्य धार्मिक और सामाजिक पार्टियां भी यहां किए जाते हैं।

खामोशी पड़ रही भारी

हमारे देश में खेल व खिलाड़ियों के साथ अन्याय का सिलसिला नया नहीं है। तभी तो एशियन गेम में चीन जहां 90 स्वर्ण पदक जीत चुका है तो हम 6 पर ही अटके हुए है। आश्चर्य होता है कि सिस्टम के जिम्मेदार लोग कैसे आंख मूंदे बैठे रहते हैं।

मैदान के समीप ही रहने वाले वरिष्ठ वकील कनक तिवारी ने इस संबंध में कई बार कलेक्टर और सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट से शिकायत की है। वे अपने स्तर पर पूरी मदद करते है। यहां तक लाउडस्पीकर बजाने में प्रतिबंध की कोशिश करते हैं । लेकिन कार्यक्रम समारोह के आयोजन को तो रोक नहीं सकते। पर दुर्ग नगर के विधायक और मेयर इस पर ध्यान क्यों नही देते, समझ से परे है। विधायक व महापौर की खामोशी ठीक नही हैं। विविध आयोजनों में डीजे इतनी जोर से बजाते हैं कि पूरे मोहल्ले का अमन चैन उड़ जाता है। बच्चों की पढ़ाई बर्बाद हो जाती है। कोई सुनने देखने वाला नहीं है।

दुर्ग शहर संभाग मुख्यालय है। इसके बावजूद शहर की गरिमा को कायम रखने के सरकारी प्रयासों का सदा अभाव रहा है। रविशंकर स्टेडियम का हाल सबको पता है। अभी कल ही प्रख्यात अभिनेत्री अमीषा पटेल का कार्यक्रम रविशंकर स्टेडियम में हुआ।

आने वाले दिनों में पीसीसी मे दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा। उसके लिए भी मैदान खोदा जायेगा और दिन भर शोरगुल होगा, वह अलग। खेल व खिलाड़ियों का संवर्धन हमारी प्राथमिकता में नहीं होना हमारे समाज व देश की विडंबना है। खेल मैदानों की ऐसी अनदेखी से हम भला सुपर पावर कैसे बन पायेंगे, सोचने वाली बात है।

करोड़ नहीं, कई अरब रूपयो की जमीनों पर बड़े बड़े लोगो का कब्जा

एक तरफ शहर के नवनिहाल खेलने के लिए मैदान के बेजा इस्तेमाल से परेशान हैं तो दूसरी ओर दुर्ग शहर के आउटर इलाकों की बड़ी-बड़ी जमीनों पर कई सियासतदारों ने कब्जा कर रखा है। कब्जा करने वालों में भाजपा-कांग्रेस से जुड़े लोगो के अलावा भूमाफिया शामिल है।

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के तहत जिन जगहों को पार्क या खेल मैदान के लिए छोड़ दिया गया था। उन जमीनों पर एकमुश्त कब्जा हो चुका है। खाली पड़ी जमीनों को निशाना बनाने वाले नेताओं की नजर पता नहीं कैसे इन जमीनों पर पड़ जाती है? विद्युत नगर, दुर्ग में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिस पार्क के लिए 15 लाख रुपए अनुदान दिया था, वह जगह अब प्री कास्ट दीवारों से घेर ली गई है । पूछने पर इसके पीछे बड़े राजनीतिक लोगों का नाम लिया जाता है । अब आम जनता के पास इतनी गरज नहीं कि वह रजिस्टार ऑफिस या निगम कार्यालय जाकर इन जमीनों का हाल-चाल ले।

आम लोग जानते हैं कि यदि इन जमीनों में कब्जा कर लिया गया है तो वह कुछ नहीं कर सकते । क्योंकि, बड़े लोगों से लड़ना आम लोगों के बस में नहीं।

गहन छानबीन की जाए तो लोग दांतों तले उंगली दबाते रह जाएंगे। एक साथ दो एकड़, चार एकड़ और 7 एकड़ महंगी जमीन कैसे इन प्रभावशाली लोगों की मिल्कियत हो गई, भगवान ही जानता है । ऐसे कब्जे देखकर आम लोगों को बहुत कोफ्त होती हैं । उन्हें लगता है कि जिन लोगों को उन्होंने अपना अगुवा बनाया, राजनीतिक दिशा देने के लिए नेता चुना, वही लोग आम लोगों के जमीनों के बंदरबांट में लगे हुए हैं । ऐसे में कोई कहां शिकायत करें। अधिकांश लोग शिकायत करने का हिम्मत भी नहीं जुटाते। समाज में सामूहिक साहस व समवेत चेतना के अभाव के चलते प्रभावशाली लोग मनमाने ढंग से जमीनों पर अवैध कब्जे करते हैं।

कई अरब रूपयो के जमीन को इन नेताओं ने कब खरीदा, बताने वाला कोई नहीं। जो लोग 25 साल पहले छोटे से घर में रहने के लिए संघर्ष करते थे । क्वार्टर में रहते थे । नेतागिरी के अलावा कोई विशेष उद्योग धंधा या कामकाज नहीं करते थे। वे कब और कैसे अरबों रूपयो की जमीन के मालिक बन गए? यह देश की राजनीतिक दुर्दशा का ज्वलंत उदाहरण है। छोटे-छोटे लोगों को छोटी-छोटी जमीनों के लिए सालों तक अदालत का चक्कर लगवाने वाली व्यवस्था करोड़ अरबों रूपयो की इन जमीनों पर कैसे खामोश हो जाती है? छोटे-मोटे पसरा लगाकर धंधा करने वाले लोगो को बेदखल करना आसान है, मगर प्रभावशाली लोगों के बेजा के कब्जे का अनदेखा भला कितना कठिन है?

अभी जो खेल मैदान या पार्क बचे हैं उन्हें बचाए रखना हर एक शहरी का दायित्व है । खेल मैदान में सिर्फ खेल का आयोजन हो । खेल मैदान में दूसरी चीजों का आयोजन कर उसे कब्जा करने का रास्ता बनाता है। हालांकि पद्मनापुर क्रिकेट ग्राउंड जैसे बड़े खेल मैदान पर अब कोई कब्जा नहीं कर सकता, क्योंकि लोगों में इतनी जागरूकता आ गई है। पर शहर के आउटर इलाकों के खेल मैदान व पार्क को बचाए रखना जरूरी है ।

कुम्हारी में दूसरे दिन भी खारुन तट पर गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

कुम्हारी/नवप्रदेश। कुम्हारी क्षेत्र में विभिन्न समितियों द्वारा गणेश प्रतिमा का स्थापना किया गया था। सदस्यों द्वारा विगत 10 दिनों तक पूजा अनुष्ठान के पश्चात बुधवार को अंनत चतुर्दशी के बाद गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विभिन्न समितियों ने विसर्जन के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में प्रतिमाओं का विसर्जन किया। बता दे कि कुम्हारी नगर के प्रमुख चौक-चौराहों एवं विभिन्न मोहल्लों में समितियों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी साथ ही लोगों ने अपने-अपने घरों में भी प्रतिमा स्थापित किया था। बुधवार को हवन होने के साथ ही प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया। अधिकतर समितियों ने पितृ पक्ष में मद्देनजर उसी दिन विसर्जन कर दिया लेकिन कुछ समितियों ने गुरुवार को कुम्हारी स्थित खारुन नदी तट पर पूजा-पाठ व आरती के साथ मूर्ति विसर्जन किया।

डीजे की धुन पर खूब थिरके भक्त, फोड़े पटाखें- गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर समितियों के सदस्यों के द्वारा सुबह से ही तैयारियां पूरी कर ली गई कहीं धुमाल तो कहीं डीजे की धुन पर लोग थिरकते दिखे साथ ही रंग बिरंगे पटाखें फोड़े गए। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं की भी सहभागिता देखी गई।

जश्न-ए-ईद-मिलाद-उन-नबी की खुशी में जोश-ए-जुनून से निकला जुलूस

कुम्हारी/नवप्रदेश। मोहम्मद पैगम्बर साहब के जन्मदिन के मुबारक मौके पर जोहर की नमाज अदा कर दोपहर बाद सभी की सलामती और बरकत के साथ अमन चैन की दुआ करते हुए मुस्लिम समाज का जुलूस ए मोहम्मद दिया गरीब नवाज मस्जिद और गौसिया मस्जिद से निकल कर महामाया शिव नगर, संजय नगर, कपड़ा मार्केट से होते हुए गौसिया मस्जिद पहुंच कर जुलूस को अंजाम दिया गया । जगह जगह पैगम्बर साहब के जन्मदिन व उनके पैग़ाम, रहबरी पर चर्चा हुई व मिठाईयां, बिरयानी, शरबत नगर के लोगो के बीच मुस्लिम समाज कुम्हारी के भाईयों द्वारा तकसीम किया गया । जिसमें ख़ास तौर से अबरार हाफिज साहब, रियाज़ हाफिज साहब, हाजी कमाल बाबा, नसरू भाई, काजू भाई, आयूब भाई, इमरान भाई, जकी भाई, खुर्शीद, अकबर भाई, राजू भाई, शरीफ भाई, अब्दुल्ल भाई, ईद मोहम्मद, वकील भाई, चंदू भाई, ताजू भाई, नैमुल्ला भाई, सलीम भाई, अख्तर भाई, समीर भाई, शान भाई, फैज़ान भाई, सरफ़ाज़ भाई, शहबाज़ भाई अशरफ भाई, आरिफभाई, ख़ालिख भाई, आबिद भाई, मन्नवर भाई, मुन्ना भाई, बशीर भाई, अफ़ज़ल भाई और बिरादारी के सभी आम ओ ख़ास ने मिलकर ईद-मिलाद-उन- नबी का शानदार जश्न मनाया ।

गायत्री शक्तिपीठ में होगा निशुल्क श्राद्ध तर्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। शक्तिपीठ के समस्त ट्रिस्टयों परिजनों ने मिलकर इस वर्ष शक्तिपीठ में पितृपक्ष के उपलक्ष मे 15 दिनों तक निशुल्क श्राद्ध तर्पण का क्रम संपन्न करने का निर्णय लिया गया है ,

गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख दृष्टि अभय लाल जी ने बताया की शक्तिपीठ में कोई भी नागरिक श्रद्धालु अपने पितरों का श्राद्ध दर्पण कर सकता है, इसके लिए दो दिन पूर्व शक्तिपीठ में आकर पूर्व पंजीयन कराना अनिवार्य होगा । सभी श्रद्धालु परम पूज्य गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा निर्धारित इस विशेष व्यवस्था का अपने पितरों के तृप्ति के लिए शक्तिपीठ में इस व्यवस्था का लाभ ले सकेंगे सभी के लिए मां गायत्री का द्वार खुला हुआ है । श्राद्ध तर्पण की व्यवस्था को सुचारू रुप से चलाने के लिए शक्तिपीठ के समस्त कार्यकर्ता गणो ने पूरी व्यूह रचना और तैयारी कर ली हैं ।

विकास कार्यो का महापौर निर्मल कोसरे ने किया भूमिपूजन

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई-चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे ने शुक्रवार दिनांक 29.09.2023 को पुनः एक बार निगम क्षेत्र में होने वाले नए निर्माण और विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नगर निगम भिलाई -चरोदा क्षेत्र के वार्ड क्र. 40 गनियारी में आरसीसी नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 15.98 लाख इसके बाद वार्ड क्र.39 मोरिद में आरसीसी रोड निर्माण कार्य भूमिपूजन लागत राशि 15.97 लाख। साथ ही सिरसा भाठा वार्ड 37 में स्कूल अहाता निर्माण व बाउंड्रीवाल निर्माण लागत राशि 5.88 लाख रूपए एवं मंच निर्माण लागत राशि 5.93 लाख रूपए से सिरसा बस्ती में खनती टंकी से गधिया तालाब तक आरसीसी नाली निर्माण लागत 3.98 लाख रुपए है। जी केबिन वार्ड 35 में 15.95 लाख रूपए की राशि से सीसी रोड निर्माण एवं देवबलोदा में 16.05 लाख रूपए राशि से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 22 में अहाता निर्माण इन कार्यो का महापौर निर्मल कोसरे द्वारा भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर परिषद सदस्य एवं वेंकट रमना, मनोज कुमार, श्रीमती दीप्ति आशीष वर्मा,श्री एम जानी, श्री ईश्वर साहू, श्रीमती देवकुमारी भलावी, श्रीमती संतोष निषाद,पार्षद टेनेंद्र ठाकरे समेत वार्ड के गणमान्य एवं वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

ओंकार प्रसाद मारकंडे को मिला सतनामी समाज का राजमहंत पद

कुम्हारी/नवप्रदेश । सतनामी समाज के सर्वोच्च गुरु आसमदास बाबा गुरुगोसाई गुरूगद्दी नशीन गुरूद्वारा तेलासीपुरी धाम के गुरु ने राजमहंत श्री ब्रिज खाण्डे जी कोनी बिलासपुर की अनुशंसा पर ओंकार प्रसाद मारकन्डे पार्षद कुगदा (कुम्हारी) व जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई भाजपा को राजमहंत पद का भार देते हुए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। सामाजिक एवं धार्मिक समर्पण, सेवा, शिक्षा के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए ओंकार प्रसाद मारकन्डे को समाज के वरिष्ठ माखन लाल कोसरिया, पार्षद विनोद कुमार बंजारे , नरेन्द्र मारकन्डे एवं जाखन कोसरिया आदि के समक्ष राजमहंत का पद व नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । इस खबर से समस्त सतनामी समाज में प्रसन्नता का वातावरण है ।

निधन
माया देवी गुप्ता

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम के राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता की माता,श्री राजकुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती माया देवी गुप्ता उम्र 77 वर्ष का स्वर्गवास आज दिनांक 29 सितंबर 2023 को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान नेहरू नगर से शिवनाथ नदी मुक्ति धाम के लिए दिनांक 30 सितंबर 2023 को समय प्रातः 12,00 बजे निकलेगी।

भिलाई निगम के जनप्रतिनिधि श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा का देंगे संदेश

- **1 अक्टूबर को 1 घंटे का से स्वच्छता ही सेवा है विशेष अभियान**

भिलाई/नवप्रदेश। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत 01 अक्टूबर को निगम भिलाई के संपूर्ण 70 वार्डो में महापौर, पार्षद, स्कूल कॉलेज के छात्र, समाजसेवी, व्यवसायिक संगठन, स्वयं सेवी संस्था महिला समूह तथा शहर के आम नागरिकों द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान में 01 घण्टा अपना श्रमदान कर महात्मा गांधी को स्वच्छता श्रद्धांजलि अर्पित करेगें। भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य सहित समस्त वार्ड के पार्षद 01 घंटा श्रमदान कार्यक्रम में शामिल होकर स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम को सफल बनायेगें।

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने बताया की भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा जारी परिपत्र के तहत 01 अक्टूबर को स्वच्छता से नागरिकों को जोड़ने विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। जिसमें सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में प्रातः 10 से 11 बजे 1 घंटा स्वच्छता श्रमदान से शहर के जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं संस्थाएँ साफ-सफाई कर भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपनी सहभागिता देंगे। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने सभी कर्मचारियों को अलग अलग कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसे पूरी निष्ठा व गंभीरता से क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करने कहा है। अभियान के तहत रहवासी क्षेत्र, खेल मैदान, बाजार क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र, मुक्तिधाम, कब्रिस्तान, मंदिर, गुरूद्वारा, गिरिजाघर, स्कूल, तालाब, उद्यान जैसे स्थलों को चयन किया गया है साथ ही गली मोहल्लों में भी सफाई अभियान चलाया जायेगा। इस प्रकार 01 अक्टूबर को निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वार्ड सुपरवाईजर लोगो के घर-घर जाकर स्वच्छता श्रमदान में भाग लेने आमंत्रित कर रहे है तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुनादी भी करवाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग सफाई श्रमदान में भाग लें।

सफाई के प्रति जनभागीदारी जरूरी

शासन के निर्देश अनुसार भिलाई निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भिलाई को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए नागरिकों को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 15 सितंबर से शुरू हुए पखवाड़ा में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में रैली, पाम्पलेट, नुक्कड़ नाटक जैसे आयोजनों से सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक स्थलों की साफसफाई, सोकपिट का निर्माण, कम्पोस्ट पिट का निर्माण, प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रीकरण, घर-घर कचरा एकत्रीकरण के लिए सामूहिक श्रमदान किया जाएगा। इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

श्री गुर्जर क्षत्रीय समाज का सामूहिक श्रीमद्भागवत कथा 1 अक्टूबर से

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज में परिजनों द्वारा अपने दिवंगत पितरों के मोक्ष के लिए भागवत कथा को संपन्न करने दुर्ग घटक द्वारा इसे समूह भागवत के स्वरूप में संपन्न किया जा रहा है, यह आयोजन आगामी 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से 12:30बजे तक और संध्या 3.30 से 6:30 बजे तक चलेगा, व्यास पीठ पर हरिद्वार के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक संत श्री सुधाकर महाराज अपनी संगीतमय रस प्रद मधुर वाणी में भागवत कथा का रसपान कराएंगे। इस समूह भागवत में दुर्ग, भिलाई, रायपुर , गोंदिया के अलावा चिरमिरी, नागपुर आदि क्षेत्र के, कुल 16 परिवार शामिल हो रहे हैं । मुख्य यजमान जेठवा परिवार नागपुर से हैं। ज्ञातव्य है की पितरों की आकांक्षा अपेक्षा के अनुरूप उनके मोक्ष की भावना रखने वाले समाज के परिजन ऐसे आयोजन को संपन्न करने की निरंतर अपेक्षा रखते हैं, और भारी भरकम खर्च को कम करने के लिए समाज के कार्य प्रबंधन समिति के वरिष्ठो ने इसे सामूहिक आयोजन का स्वरूप देकर आयोजन को कम खर्चे में संपन्न करने की कार्यशैली अपनाई है । इस आयोजन को सफल बनाने दुर्ग घटक की कार्य प्रबंधन समिति के अलावा संपूर्ण महिला मंडल, आयोजन समिति , एवं संपूर्ण युवा मंडल की टीम के साथ अनेक वरिष्ठ एवं प्राणवान कार्यकर्ता भाई बहनों की टीम सक्रिय है।

विस क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं विधायक छन्नी साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू क्षेत्र में गणेशोत्सव पर विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर विघ्नहर्ता से आशीष लिया और यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुईं। इस दौरान समितियों ने सांस्कृतिक व प्रतिस्पर्धाओं का भी आयोजन किया जिसमें छन्नी साहू मुख्य अतिथि रहीं। समितियों के प्रयासों को सराहते हुए उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से वातावरण में सकारात्मकता का संचार होता है। प्रत्येक व्यक्ति को इसका लाभ मिलता है।

विधानसभा क्षेत्र के छुरिया व चौकी चिरचारी क्षेत्र के ग्राम थैलीटोला में गणेश उत्सव के अवसर पर रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता के आयोजन में विधायक शामिल हुईं। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित किया और उनकी प्रस्तुतियां भी देखी। उन्होंने ग्राम मुंजाल व ग्राम पठानढोड़गी में भी रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता में शिरकत की। समितियों और ग्राम के वरिष्ठजनों ने उनका स्वागत किया। सभी का अभिवादन कर विधायक ने उनसे आयोजन के अलावा भी गांवों के विकास पर चर्चा की।

इसी तरह ग्राम हैदलकोड़ो में भी उन्होंने गणेशोत्सव व रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता के कार्यक्रम में बतौर अतिथि शिरकत की। छन्नी साहू ने ग्राम झितराटोला जस झांकी प्रतियोगिता के आयोजन में शामिल होकर देवी आराधना के लोकगीतों को श्रवण किया। उन्होंने

कहा कि-दैवीय कृपा से ही सृष्टि का संचालन हो रहा है, उनकी उपासना आराधना से मनुष्य में सात्विकता आती है। जीवन में इसकी नितांत आवश्यकता है। सात्विकता ही प्रेम रस और भाव लेकर आती है जिससे हम समाज के कल्याण के लिए प्रेरित होते हैं। आपसी भाईचारा मजबूत होता है और संगठित होकर हम एक सभ्य समाज का निर्माण करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। विधायक छन्नी साहू ने इस बीच ग्राम कल्लूटोला (चिचोला) पहुंचकर कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन भी किया।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, महामंत्री चुम्मन साहू, चंद्रिका वर्मा, लादूराम तुमरेकी, लेखचंद वर्मा, जनपद सदस्य हेमीन विष्णु साहू, विधायक प्रतिनिधि डॉ. प्रकाश शर्मा, आलीवारा पटेल चंद्रकुमार साहू, रामसूरत साहू, सखीना बाई उइके, रेखराम चंद्रवंशी, उदसिया बाई चंद्रवंशी, चतुरराम साहू, आलीवारा ग्राम पंचायत साहेबदास साहू, सरपंच जमुना बाई, बरम दास चंद्रवंशी, पंचगण राजकुमार साहू, पंचराम साहू, श्यामसाय कंवर, हीरूराम साहू, दुलेश्वरी साहू, जीवन कौशिक सहित ग्रामीणजन शामिल थे।

कलामंच, आंगनबाड़ी भवन का हुआ लोकार्पण

खुज्जी विधानसभा के ही ग्राम आलीवारा (गैंदाटोला) में विधायक छन्नी साहू लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुईं। यहां उन्होंने नव निर्मित आंगनबाड़ी भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि-आगंनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है। नवजात शिशु, गर्भवती और प्रसुताओं को कुपोषण से दूर रखने पोषक आहार के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम गहिराभेड़ी में लोक कला मंच का भी लोकार्पण किया और गणेशोत्सव समिति के आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। इस दौरान यहां ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्षत रितेश जैन, चंद्रिका वर्मा, जनपद सदस्य प्रतिमा सोनबोईर, सरपंच गीता लेखराम बघेल, उपसरपंच खेमचंद नंदेश्वर, कमलेश भरतद्वाज, प्रासित राम, कौशिल्या, रही बाई, दीनू राम, भगवतिन, धनेश्वर, थनेश्वरी, अगसिया बाई, रूखम बाई, शरद कुमार, कुमार सा, देवी लाल, प्रतिमा, उषा बाई एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

कमिश्नर पाठक ने ली निर्वाचन संबंधी बैठक, दिए निर्देश

- **मतदाता सूची की सूक्ष्मता से जांच करें, कोई त्रुटि न रहे- संभागायुक्त**
- **द्वितीय विशेष पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त हुए फार्म का किया अवलोकन**

खैरागढ़/नवप्रदेश। संभागायुक्त एवं रोल आर्ब्जवर जनक पाठक द्वारा सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन संबधी बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा उपस्थित थे।

मतदाता सूची की सूक्ष्मता से जांच करें, कोई त्रुटि न रहे- संभागायुक्त जनक पाठक

बैठक में संभागायुक्त जनक पाठक ने जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची की सूक्ष्मता से जांच करें, कोई त्रुटि न रहे। इस दौरान द्वितीय विशेष पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त 6, 7 व 8 फार्म के निराकरण का मतदान केन्द्रवार अवलोकन किया। उन्होंने 4 प्रतिशत से अधिक नए मतदाता जुड़ने वाले मतदान केन्द्र और 2 दो प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के नाम विलोपित हुए हैं, उन मतदान केन्द्रों में ईआरओ एवं एईआरओ के द्वारा सभी कार्यों की सूक्ष्मता से जांच करने के निर्देश दिए।

व्हीआईपी वोटरों की सूची तैयार करने के दिए निर्देश

बैठक में जिले के सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिया गया। वही निरीक्षण के दौरान मूलभूत सुविधाओं में कमी पाए जाने की स्थिति उसे तत्काल दूर करने के निर्देशित किए। संभागायुक्त एवं रोल ऑब्र्जवर ने स्ट्रांग रूम एवं गणना स्थल की तैयारी के संबंध भी विस्तृत चर्चा की। इसके अलावा व्हीआईपी वोटरों का नाम सूक्ष्मता से जांच करने की बात कही। यह भी हिदायत दी कि जिले का कोई व्हीआईपी वोटरों का नाम नहीं छूटना चाहिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर डी. एस. राजपूत, प्रकाश राजपूत, एसडीएम रेणुका रात्रे, तहसीलदार प्रीति लारोकर, नेहा ध्रुव, अमरदीप अंचल सहित निर्वाचन से सम्बंधित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गणपति विसर्जन में अगले बरस तू जल्दी आ... का नारा गूंजा

बेमेतरा/नवप्रदेश। न्यू पुलिस कालोनी बेमेतरा में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर 11 दिनों तक पुलिस कालोनी में पुलिस परिवार द्वारा भजन किर्तन कर अपने जीवन को कृतार्थ किये तथा गुरूवार को अनंत चतुर्दशी पर हवन पुजन कर भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही रात्रि में भजन किर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस परिवार के सभी सदस्य/बच्चों एवं महिलाएं शामिल हुए। आज 29 सितंबर को बाजे गाजे के साथ उत्साहित होकर नाचते गाते भगवान श्री गणेश का गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए विसर्जन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस परिवार के बच्चो एवं महिलाओं ने भी शामिल होकर भगवान श्री गणेश के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

संगीत विव का खैरागढ़ से जाना बर्दास्त नहीं करेगी जनता : विभा सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इसी बीच खैरागढ़ राज परिवार से दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की पत्नी रानी विभा सिंह का भी इस मामले को लेकर बड़ा बयान आ गया है। रानी विभा सिंह का कहना है कि खैरागढ़ संगीत विश्व विद्यालय कांग्रेस पार्टी की ही देन है। वर्तमान में जिस तरह का माहौल व्याप्त है, उसे लेकर हम भी चिंतित है। खैरागढ़ जनता की जनभावनाओं के अनुरूप विश्व विद्यालय यहां से नहीं जाना चाहिए। मैं रानी विभा देवव्रत सिंह कमल विलास पैलेस से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यह निवेदन करते हुए मांग

करती हूँ कि इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ का विखंडन न किया जाए और छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए स्थगन के आदेश पत्र को संशोधित करते हुए पुनः कैंपस ऑफस्टडी को बंद करने का आदेश पत्र जारी करवाया जाए। विश्व विद्यालय से हमारे परिवार तथा खैरागढ़ की आम जनता की गहरी संवेदनाएं जुड़ी हुई हैं। साथ ही खैरागढ़ के छोटे-छोटे व्यवसाइयों का व्यवसाय भी विश्व विद्यालय पर निर्भर है। नवगठित जिला के विकास तथा जनाक्रोश को ध्यान में रखते हुए इस मामले पर खैरागढ़ के हित को ध्यान में रख कर स्पष्ट निर्णय लिया जाए न कि भ्रम की स्तिथि उत्पन्न करें। खैरागढ़ में स्तिथ छोटे-बड़े एवं अधिकतर विश्व विद्यालय के समीप संचालित खाद्य पदार्थो का व्यवसाय करने वाले आमजन का जीवन व्यापन उक्त विश्व विद्यालय के कारण ही चल रहा है। इसके विखंडन होने से इनके रोजगार पर गहरा असर पड़ेगा।

कनिष्ठ लेखाधिकारी सनत को स्थानांतरण होने पर दी बिदाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कार्यालय, उप संचालक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव में पदस्थ कनिष्ठ लेखाधिकारी सनत कुमार बंजारे का स्थानांतरण परिवहन कार्यालय, दुर्ग हो गया है। करीब साढ़े चार वर्ष तक के कार्यकाल में अपने सहज, सरल, मधुर और सदाशयता-भरे व्यवहार से कर्मचारी साथियों के मध्य एक विशिष्ट पहचान बनाने वाले कनिष्ठ लेखाधिकारी श्री बंजारे को विभागीय उप समिति, छग प्रदेश प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के सभी सदस्य कर्मचारी साथियों ने सौजन्य भेंटकर व शुभकामनायें दी। नकुल ध्रुव (सहायक संचालक) तथा ईन्दर सिंह (ओव्हरसियर) के करकमलों से पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए एक पैन सैट व ईलक्टरिक केतली उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर शंकर सिन्हा, कमल कुलदीप, शलेन्द्र खोब्रागढ़े, देवेन्द्र राव कैशलवार, कमल यादव, राकेश सोनी, सुरेश कुलदीप, विजय देवांगन, जेम्स ओलिवर मिंज, राकेश अहिरवार, श्रीमती अनिता राउत, जयशंकर श्रीवास्तव, श्रीमती अनुसूईया चंदेल, शेख अमीर, विश्राम कंवर, रवि साहू, राहुल खैरवार उपस्थित थे।

फरसियाँ परिसर के प्रवेश द्वार निर्माण का भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। महानदी का उद्गम स्थल, महानंद बाबा की तपोस्थली हिंदू आस्था के प्रतीक माँ महामाई मंदिर फरसियाँ परिसर के मुख्य प्रवेश मार्ग में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होना है।जिसके भूमि पूजन कार्यक्रम में पधारे मुख्यतिथि मनोज साक्षी , ज़िला पंचायत सदस्य धमतरी, अध्यक्षता मीना देवी शांडिल्य, सरपंच ग्राम पंचायत फरसिया, विशिष्ट अतिथि,जवाहर लाल मरकाम अध्यक्ष महामाई सेवा समिति 16 पाली फरसियाँ, प्रदीप सोन अध्यक्ष युवा कांग्रेस सिहावा विधानसभा, गजानंद कश्यप , दीनदयाल ग्वाले उपाध्यक्ष महामाई सेवा समिति, नीरज सोन महासचिव,राधेश्याम ध्रुव, एवं राधेश्याम साहू सचिव मौजूद रहे।

दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थीया ने थाना बेमेतरा में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 20.04.2018 से 19.06.2023 तक आरोपी विरेन्द्र मिरे द्वारा शादी का प्रलोभन देकर और उसके बाद शादी के नाम पर धोखा देकर कई बार अलग-अलग जगह में शारीरिक संबंध बनाया की रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 376, 376 (2)(एन) भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी पतासाजी विवेचना के दौरान आरोपी विरेन्द्र मिरे के द्वारा न्यायालय में आत्म समर्पण करने पर आरोपी का फार्मल गिरफ्तारी करने अनुमति प्राप्त कर, प्रकरण में आरोपी के द्वारा साक्ष्य विलोपित करना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 201 भादवि जोडा गया। पुलिस चौकी मारो क्षेत्रांतर्गत रहने

वाला आरोपी विरेन्द्र मिरे पिता मोहन लाल मिरे उम्र 35 साल को 27 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, गोपाल ध्रुव, महिला प्रधान आरक्षक बालमती नायक, आरक्षक लव कुमार यादव व अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

रविवार को होगा हनुमान चालीसा पाठ

- **एक साथ 108 बच्चे एक स्वर में करेंगे शुरूआत**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गुजराती लोहाणा महिला मण्डल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी रविवार एक अक्टूबर को आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार में संगीतमय 108 अखण्ड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। इस वर्ष बच्चों को धार्मिक संस्कार व संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से एक नई पहल की जा रही है जिसके अंतर्गत सुबह नौ बजे प्रथम हनुमान चालीसा 108 बच्चे पारंपरिक वेषभूषा सफेद कुर्ता पैजामा पहनकर एक साथ पंक्तिबद्ध ध्यान मुद्रा में बैठकर करेंगे। यह पहला मौका है जब दिन भर 12 घंटे चलने वाले हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ 108 बच्चों के स्वर में किया जाएगा। इसके पूर्व श्री हनुमान जी की आरती की जाएगी। चालीसा पाठ में गोंदिया (महाराष्ट्र) के सुप्रसिद्ध भजन गायक मितेश भाई परमार व साथी कलाकारों द्वारा दिन भर चालीसा के साथ बीच-बीच में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति भी की जाएगी। रात्रि 8.30 बजे से 1008 दियों की महाआरती की जाएगी। इसके बाद सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था की गई है। यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है तथा किसी भी वर्ग, समाज के श्रद्धालु इसमें शामिल हो सकते हैं। प्रत्यके श्रद्धालुओं को प्रसाद व श्री हनुमान चालीसा का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर भव्य व आकर्षक भगवान का दरबार सजाया जाएगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श करने लोहाणा महिला मण्डल व हनुमान भक्तों की एक बैठक रखी गई जिसमें व्यवस्था के दृष्टिकोण से विभिन्न समितियां जैसे मंच सज्जा समिति, मंदिर सज्जा समिति, महाआरती समिति, महाप्रसादी समिति, स्वागत सत्कार समिति, प्रसाद व्यवस्था वितरण समिति, बच्चों के चालीसा पाठ व्यवस्था समिति, चरण पादुका व्यवस्था,वाहन पार्किंग समिति आदि बनाई गई है।

प्रथम पेज का शेष..

छग में कांग्रेस का ...

उतारे जाएंगे। आवेदनों की शॉर्ट लिस्टिंग कर अंतिम रूप दिया गया है। कुछ सीटों में एक से दो पैनल और अधिकांश सीटों में सिंगल नाम फाइनल है। कमेटी एक बार फिर बैठेगी और फिर लिस्ट फाइनल हो जाएगी। नए चेहरों में महिलाओं और युवाओं को इस बार मौका मिलेगा। वहीं सीएम भूपेश बघेल भी कह चुके हैं कि तय समय पर ही प्रत्याशियों के नामों की घोषणा होगी। वहीं उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव मीडिया में कह चुके हैं कि सिर्फ एक टिकट फाइनल है। सभी को टिकट देना संभव नहीं है। नामों पर चर्चा चल रही है।

सर्वे में 18 विधायकों ...

22 नए चेहरे और खराब रिपोर्ट वाले 18 विधायकों के आंकड़ों को देखें तो यह आंकड़ा 40 पहुंच जाता है। कुल मिलाकर 90 में से 40 सीटों पर इस बार नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। कई ओपिनियन पोल भी आए हैं, जिसमें भूपेश बघेल को लोकप्रिय मुख्यमंत्री बताया गया है, लेकिन 44 प्रतिशत जनता विधायकों के कामकाज से नाराज हैं।

इन सीटों पर नए ...

बिलाईगढ़, कसडोल, तखतपुर, डोंगरगढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, बैंकुठपुर, मनेन्द्रगढ़, कुनकुरी, बिल्हा और जशपुर विधानसभा सीट पर नए प्रत्याशी उतार सकती है। इन सीटों पर कांग्रेस को हार मिली थी और कुछ सीटों में वर्तमान विधायकों की सर्वे रिपोर्ट कमजोर आई है। बहरहाल, राजनीतिक में कुछ भी स्पष्ट तौर पर नहीं कहा जा सकता है। अब यह टिकट आने के बाद ही पता चल सकेगा।

मेनका गांधी को इस्कॉन ...

की टिप्पणी पर इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने कहा है कि सांसद की टिप्पणी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके बयान से दुनिया भर में हमारे भक्त आहत हैं। इस्कॉन उनके खिलाफ 100 करोड़ रुपये की मानहानि के मामले में कानूनी कार्रवाई करने जा रही है। राधारमण दास ने कहा कि हमने मेनका गांधी को नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि एक सांसद, एक पूर्व केंद्रीय मंत्री, इतने बड़े समाज के खिलाफ बिना किसी सबूत के झूठ कैसे बोल सकती हैं?

मेनका का वीडियो वायरल होने के बाद इस्कॉन की ओर से आरोपों का खंडन किया गया। इस संबंध में पत्र जारी कर इस्कॉन ने कहा कि संगठन न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर में गाय- बैल की रक्षा एवं देखभाल में लगा रहा है। हमारे यहां गाय और बैलों की जीवन भर सेवा की जाती है। कसाइयों को हाथों बेचने के आरोप बिल्कुल गलत हैं। इस्कॉन के प्रवक्ता युधिष्ठिर गोविंद दास ने कहा कि मेनका गांधी आंध्र प्रदेश के अनंतपुर की गोशाला के बारे में कह रही हैं। वहां 250 से ज्यादा ऐसी गायें हैं, जो दूध नहीं देतीं। वहां सैकड़ों बछड़े भी हैं। मेनका के आरोप झूठे और निराधार हैं।

राजधानी सहित अन्य ...

प्रदेश में 41.10 इंच बारिश, कोटा पूरा

राज्य में अब तक औसत 41.10 इंच बारिश हो चुकी है। आज भी कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहेगा। प्रदेश में 4 जिले में औसत से ज्यादा बारिश हुई है। इनमें बलौदाबाजार, बीजापुर, मुंगेली, रायपुर शामिल है। 17 जिलों में औसत बारिश हुई है। 6 जिलों में औसत से कम वर्षा है।

कैसे रहेंगे अगले 24 घंटे

हल्की बारिशः बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिले में।

मणिपुर में जारी...

कहा था कि राज्य में जारी हिंसा के दौरान आगजनी के जरिए 386 धार्मिक संरचनाओं को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस ने कहा, इनमें से 254 चर्च और 132 मंदिर थे। ये धार्मिक संरचनाएं आगजनी के 5,132 दर्ज मामलों में से थीं।

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर में हिंसा के मानवीय पहलुओं को देखने के लिए जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की थी। समिति में बॉम्बे हाई कोर्ट की पूर्व जज शालिनी पी जोशी और दिल्ली हाई कोर्ट की पूर्व जज आशा मेनन भी शामिल हैं।

दिल्ली में 25 करोड़ की ...

भिलाई में पकड़ लिया गया। अब वो छत्तीसगढ़ पुलिस की हिरासत में है।

पूरा शो रूम साफ कर गए चोर

चोरों ने पूरा का पूरा शो रूम ही साफकर दिया था। मानों किसी ने बंद शो रूम के अंदर झाड़ू फेर दिया हो। दुकान की अलमारियों और शो केस में रखी ज्वेलरी के साथ-साथ यहां बने खुफिया स्ट्रॉन्ग रूम तक में सेंधमारी कर चोरों ने सोने-चांदी की ज्वेलरी के अलावा कीमती जेम्स स्टोन यानी हीरे-जवाहरात तक, सब कुछ उड़ा दिए।

छत के रास्ते आए थे चोर

चूंकि दुकान का ताला सामने से बिल्कुल इंटैक्ट था और इसकी बाहरी दीवार पर कहीं से कोई सेंधमारी नहीं हुई थी, तो ये साफ था कि चोर छत के रास्ते ही अंदर आये थे। वैसे भी मंगलवार की सुबह दुकानदार को छत के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। एक सवाल ये भी है कि चोर आखिर दुकान की छत पर कैसे पहुंचे, तो पुलिस इस संभावना को भी समझने की कोशिश कर रही है। शक है कि शायद चोर पहले आस-पास की किसी दूसरी बिल्डिंग की छत पर पहुंचे होंगे और फिर वहां से दुकान की छत पर आए होंगे।

मंत्री डहरिया की अनुशंसा से 174 लाख रूपये के विकास कार्य स्वीकृत

आरंग/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य एवं सरपंचों के सामुदायिक भवन,रंगमंच, सीसी. रोड़ तथा शेड निर्माण हेतु क्षेत्रीय विधायक व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया से मांग की गई थी। जिस पर नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के अनुशंसा से विधायक निधि अंतर्गत एक करोड़ चौहत्तर लाख रूपये के विकास कार्यो की स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम कयाबांधा के बाजार चौक में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, गनौद धोबी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, एवं सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05

लाख, परसकोल ध्रुव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 05 लाख, मजिठा सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, भंडारपुरी साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, कोसरंगी सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, बाना में साहू समाज परिसर के शेड निर्माण (कामगारों के लिए) 03 लाख, धौराभाठा आदिवासी पारा में रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, सेजा कुर्मी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, संकरी (को) सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, डुम्हा में गुरू घासीदास चौक से सौहद्रा माता सामुदायिक भवन तक सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, गुजरा ब्राम्हण पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, पिरदा स्कूल के रंगमंच निर्माण हेतु 03 लाख, बिरबिरा साहूपारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, तोड़गांव में अमृत सरोवर तालाब से मुक्तिधाम तक सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, केशला में मंगल भवन परिसर के पास शेड निर्माण (कामगारों के लिए) 03 लाख, भटिया में शीतला पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, रीको बाजार चौक में सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, अमेरी में धीवर समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, फरफौद में अंबेडकर समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, सिवनी में यादव समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, नगपुरा में महिला स्व. सहायता समूह के सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, घोंट में सीसी. रोड़ एवं नाली निर्माण हेतु 05 लाख, भानसोज में कृष्णा साहू घर से पचरी तालाब तक सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, संडी में थानसिंग साहू घर से 200 मीटर सीसी. रोड़ निर्माण हेतु 05 लाख, परसदा (उ) में धोबी समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, छतौना (फ) में धीवर समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, कोरासी मं धीवर पारा सामुदायिक भवन में किचन एवं शौचालय निर्माण हेतु 04 लाख एवं पतईया तालाब पारा पुलिया निर्माण हेतु 02 लाख, नारा गुड़ी चौक में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, सेंध साहू समाज के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, बोरिद गौठान पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 05 लाख, जुगेसर में मालिक राम घर से तिजऊ निषाद घर तक सीसी. रोड़ हेतु 05 लाख, कठिया तालाब पहुंच मार्ग में सीसी

चुन्नीलाल ने संसद में उठाया मुद्दा, कि अभ्यारण क्षेत्र वासियों की चिंता मुझे है और कल अभ्यारण क्षेत्र वासियों की

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम साकरा के फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू एवं सिहावा विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी श्रवण मरकाम के उपस्थिति में अभ्यारण रीसगांव गांव खलारी एवं आसपास के गांव के उपस्थित निवासी जनों के समक्ष उनकी मूलभूत बहुत पुरानी समस्याओं के संबंध में चर्चा हुई सांसद महोदय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कराकर निदान करने का निर्णय लिया गया आपको बताने की अभ्यारण क्षेत्र के निवासियों के कई सालों साल मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं अपनी सुविधा के लिए मगर

कोई भी राजनीतिक पार्टी वहां पर उनके हित में काम नहीं कर पाई आज तक आज जब सुविधा नहीं तो मतदान नहीं के नारे जब लगाई जा रहे हैं और उग्र आंदोलन अभ्यारण क्षेत्र वासियों की तरफसे किया जा रहा है उसी कड़ी में अभ्यारण क्षेत्रवासी जब पैदल कुछ कर धमतरी कलेक्ट्रेट का घेराव उग्र रूप से जब किया गया तब शायद क्षेत्र के प्रतिनिधियों की नींद नहीं जागी वही महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने इस मुद्दे को संसद में उठाकर यह साबित किया कि अभ्यारण क्षेत्र वासियों की चिंता मुझे है और कल अभ्यारण क्षेत्र वासियों की बैठक लेकर उन्हें अस्वस्थ कराया गया कि आपके इस लड़ाई में मैं हमेशा सहयोगी रहूंगा और केंद्र सरकार तक आप लोगों की समस्या को पहुंच कर निदान करने की पूरी जवाबदारी लेते हुए सहयोग करने की बात कही। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसएसटी और एफएसटी के दलों को दिया गया प्रशिक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को लेकर प्रशिक्षण का दौर जारी हैं। आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में स्टेटिकल सर्विलांस टीम (एसएसटी) और फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) का प्रशिक्षण दिया।

अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी धनराज मरकाम ने दोनों दल के सदस्यों को बारिकियां बतायी। अपर कलेक्टर ने कहा कि एफएसटी और एससटी की टीम के साथ वीडियोग्राफर की टीम भी होगी, टीमों द्वारा की कार्रवाई की वीडियोग्राफी करेंगी। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर भी मौजूद थी। अपर कलेक्टर मार्कण्डेय ने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए एफएसटी और एससटी की टीम मय वीडियोग्राफर के साथ चयनित स्पाट, के साथ अन्य स्थानों पर भ्रमणशील रहे। प्रत्येक दिन शाम को दिन में की गयी कार्रवाई की सूची बनाकर उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने दलों के प्रभारियों एवं कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में बताया। संबंधित मास्टर टेनर कमलेश वर्मा और कमलेश दुबे ने प्रशिक्षण दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

खबरदार : झांकी के लिए 24 घंटे का रुट प्लान देखकर घर से निकलें

- पुलिस ने जारी किया रुट पार्किंग, ट्रैफिक डायवर्सन प्लान
- 30 सितंबर से 1 अक्टूबर की सुबह तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित

रायपुर/नवप्रदेश। गणेश झांकी को लेकर रायपुर पुलिस ने ट्रैफिक रूट चार्ट जारी किया है। लोगों को कोई दिक्कत न हो और बाहर से आने वाली ट्रैफिक समेत विसर्जन समारोह के लिए पुलिस ने प्लानिंग किया है। मूर्ति विसर्जन के दौरान 30 सितंबर से 1 अक्टूबर की सुबह तक टाटीबंध चौक,भनपुरी तिराहा, रायपुरा चौक,संतोषी नगर चौक ,पचपेड़ी नाका, महासमुंद बैरियर,विधानसभा रोड तिराहा काशीराम नगर चौक तक के लिए ट्रैफिक प्लान किया गया है। संध्या से गणेश प्रतिमाओं व झांकियाँ शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आकर राठौर चौक में एकत्रित होना प्रारंभ हो जाती है जो राठौर चौक-एम.जी.रोड-शारदा चौक-जयस्तंभ चौक-मालवीय रोड-चिकनी मंदिर-कोतवाली चौक-सदर बाजार-सद्दाणी चौक - सत्तीबाजार-कंकाली तालाब- पुरानी बस्ती थाना के सामने से होकर लाखेनगर चौक-सुन्दरनगर,-रायपुरा चौक होकर महादेव घाट, खारून नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

विसर्जन के बाद मार्ग से लौटेंगे

महादेव घाट विसर्जन स्थल से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पश्चात वाहनों की वापसी महादेव घाट तिराहा से एनीकट मार्ग - भाठागांव- भाटागॉव चौक-रिंग रोड-01 होकर होगा। सभी प्रकार के माल वाहक वाहनों का आवागमन रायपुरा चौक से महादेव घाट अमलेश्वर नदी पुल तक रोक दिया जावेगा। जिसे अमलेश्वर से रायपुर की ओर आवागमन करना है वे अमलेश्वर-कुम्हारी-टाटीबंध होकर अथवा खुड़मुड़ा-भाठागांव- भाठागांव चौक होकर आवागमन कर सकते हैं।

ऐसे की गई है ट्रैफिक डायवर्ट

01. **बलौदाबाजार मार्ग से** बिलासपुर की ओर या महासमुंद की ओर आवागमन करना है वे रिंग रोड़ -03 होकर आवागमन कर सकेंगे।

02. **भिलाई की ओर से** आने वाली सभी छोटी वाहन कार जीप आश्रम तिराहा तक ही आ सकेंगे, परन्तु जिन वाहन चालकों को शास्त्री चौक की ओर आना है वे रिंग रोड 01 से होकर रायपुरा चौक, पचपेढ़ी नाका होकर आना-जाना कर सकते हैं।

03. **धमतरी मार्ग की ओर से** आने वाली कार-जीप छोटी वाहन कालीबाड़ी चौक, महिला थाना चौक, शास्त्री चौक से होकर रेलवे स्टेशन या बिलासपुर मार्ग पर आवागमन कर सकेंगे।

04. **शास्त्री चौक से** जयस्तंभ चौक की ओर, तात्यापारा चौक से शारदा चौक, मौदहापारा से जयस्तंभ चौक एवं मालवीय रोड तथा कालीबाड़ी चौक से कोतवाली चौक, फायरबिग्रेड चौक से कोतवाली चौक तरफ सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन को रात्रि 08:00 बजे से प्रतिबंधित किया जावेगा।

05. **सदर बाजार,** सत्ती बाजार चौक से अमीन पारा चौक (पुरानी बस्ती थाना), पुरानी बस्ती मार्ग, आश्रम तिराहा से लाखेनगर चौक, आमापारा तिराहा से लाखेनगर चौक की ओर रात्रि 10:00 बजे से सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा ।

यहां होगी पब्लिक पार्किंग

